Established in 1901 CIN L33119UR1981PLC006092

# DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED

BHAGWANT KUTI KANKHAL-249408, HARIDWAR (UTTARAKHAND) INDIA

Manufacturers of Ayurvedic and Herbal Product

Phone: (01334) 243833, 245877, 242333 Tele Fax: (01334) 245866

E-mail: dral95@yahoo.com, dral96@yahoo.in website: www.deshrakshak.in

**To,** **Date:** 14.02.2026

**Corporate Compliance Department**
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400001

**BSE Scrip Code: 531521**

**Sub: Submission of Newspaper Publication for Quarterly and Year to date Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months Ended on December 31, 2025:**

Respected Sir/Mam,

Please find attached herewith Newspaper Publication of Quarterly and Year to date Unaudited Financial Results of the company M/s. Desh Rakshak Aushdhalaya Limited **("the Company")** (**CIN:** L33119UR1981PLC006092) for the quarter and nine months ended on December 31, 2025 as per Regulation 30 and Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 published in newspapers viz. The Hawk (in English) and Badri Vishal (in Hindi) on February 14, 2026 regarding extract of the Quarterly and Year to date Unaudited Financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2025.

You are requested to take on the record and do the needful.

Thanking you,
Yours faithfully,

**For Desh Rakshak Aushdhalaya Limited**

For Deshrakshak Aushdhalaya Ltd.
Managing Director

Tosh Kumar Jain

Digitally signed by Tosh Kumar Jain
DN: c=IN, o=Personal, title=7714, pseudonym=1x7c8ob0lthyzwrp2dgnqmjea3ks4vf5, 2.5.4.20=434fc24904970be077c838233eb175ae1a8b5e2e8792da567e17c9a5c3b7e26c, postalCode=249408, st=Uttarakhand, serialNumber=ea3618b8e1fa8e25dcaac140963bd1409c1bd69ae369e85200e949c12fbb313c, cn=Tosh Kumar Jain
Date: 2026.02.14 16:24:52 +05'30'

**Tosh Kumar Jain**
**Managing Director**
**DIN: 01540363**

**Date:** February 14, 2026
**Place:** Haridwar



SDRF personnel conduct a search operation after a pickup vehicle reportedly fell into a river, in Tehri Garhwal district, Uttarakhand. —PTI

# Uttarakhand CM Lays Foundation Stone For Road Widening Project In Sahaspur Assembly



**Dehradun:** Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami laid the foundation stone for the second phase (kilometre 1 to 10) of the road widening project in Sahaspur Assembly constituency of Dehradun district, the release said.

The project will be constructed at a cost of Rs 1203.40 lakh, covering the stretch from Mithiberry to Parwal up to Chandni Chowk, and from Parwal to Vigyan Dham Jhajhra.

On this occasion, the Chief Minister said that strong road infrastructure is the foundation of the state's overall development. Better connectivity will accelerate local trade, tourism, education, and healthcare services, strengthening the regional economy.

Making important announcements for the development of the Sahaspur region, the Chief Minister approved several projects, including a drinking water supply, drainage works, a cremation ground (Mokshdham), and embankment (Pushta) construction.

As per the release, for the Sahaspur Assembly constituency, key announcements included construction of a tubewell for drinking water supply in Bhauwala; construction of a drain from Daru Chowk to Keshavwala river to address waterlogging in the municipal corporation area; construction of a Mokshdham near Arcadia Badowala Park; construction of embankment and road from Asanpur to the cremation ground; embankment construction on Asan River in Umedpur and Parwal to protect agricultural land; embankment construction for safety of Badowala residential area in Municipal Ward No. 93; and road construction to the cremation ground in Pondha along with embankment work to prevent land erosion from the drain.

The Chief Minister said that the state government is committed to expanding basic infrastructure in line with public aspirations. Uttarakhand is emerging as a leading state in inclusive development, with special focus on women's empowerment.

Addressing the public gathering, CM Dhami said that various national and international ratings are establishing Uttarakhand as a leading state in inclusive development. He described women as the backbone of the hill economy and said that under the 'Lakhpati Didi' scheme, women are producing products through self-help groups that can compete with multinational companies.

He said that under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, India has become the fourth-largest economy. Uttarakhand's economy has grown 26-fold; the budget size has crossed Rs1 lakh crore; power generation has increased fourfold; and reverse migration has increased by 44 per cent.

As per the release, the Chief Minister clarified that any tampering with the original identity, culture, and demographic balance of Devbhoomi Uttarakhand will not be tolerated. The Uniform Civil Code, strict anti-copying law, and strong action against illegal encroachment and land mafia reflect the government's commitment.

He said that special focus is being given to employment generation, and preparations are underway for 10,000 to 12,000 recruitments this financial year. The Chief Minister also appreciated local MLA Sahdev Singh Pundir for his sensitivity and active role in addressing regional issues. —ANI

# IG Conducts Late-Night Surprise Inspection In Haldwani, Issues Strict Warning Over Lapses

Swati

**Haldwani (The Hawk):** Inspector General (IG) of Kumaon, Riddhim Aggarwal, conducted a late-night surprise inspection in Haldwani to review the law and order situation and assess police preparedness.During inspections at various checkpoints, barriers, and police posts, the IG found several shortcomings, including incomplete register entries, non-functional CCTV cameras, and the absence of beat books and wireless sets with on-duty personnel.Terming the lapses as serious negligence, the IG issued immediate instructions for corrective action and made it clear that any laxity in surveillance and monitoring would not be tolerated. Orders were given to ensure that all CCTV cameras are made operational, records are regularly updated, and patrol arrangements are properly maintained.Several overloaded vehicles were also seized during the inspection drive. Uttarakhand Police reiterated that strict action will continue under the zero-tolerance policy in the Kumaon region to maintain law and order and ensure public safety.

## Bageshwar Pays Tribute to Three-War Hero Havildar Lal Singh Rautela

Prem



**Bageshwar (The Hawk):** Former Havildar Lal Singh Rautela, a decorated veteran who served the nation in three major wars, passed away at the age of 94 in Nargoli village of Bageshwar district. His last rites were performed with full military honours at Saryu Ghat, in keeping with both armed forces protocol and traditional religious customs.

Rautela had actively participated in the Sino-Indian War, the Indo-Pakistani War of 1965, and the Indo-Pakistani War of 1971, rendering distinguished service to the nation during critical moments in its history.

Born on December 25, 1933, in Nargoli village of the Kamasyar valley, he completed his schooling from Kanda Higher Secondary School before joining the Indian Army Signal Corps in 1956–57. After over two decades of dedicated service, he retired in 1977 with the rank of Havildar. He had been battling age-related ailments for some time his family member said. His health deteriorated last week, and while preparations were underway to shift him to Haldwani for advanced medical care, he breathed his last.

His mortal remains were consigned to flames by his eldest son, Bishan Singh Rautela, and younger son, Deepak Singh Rautela. He is survived by his wife Kaushalya Rautela, three sons, and two married daughters. Notably, his youngest son, Ganesh Rautela, is currently serving as a Deputy Commandant in the ITBP, continuing the family's legacy of service to the nation.

The solemn ceremony at Saryu Ghat drew local residents, ex-servicemen, and officials who gathered to pay their final respects to a soldier whose life reflected courage, discipline, and unwavering patriotism.



**Dehradun: Police and forensic teams investigate after gangster Vikram Sharma, who allegedly had more than 50 criminal cases against him, was shot dead by three assailants at Silver City Mall on Rajpur Road in Dehradun on Friday, February 13, 2026. —IANS**

# Uttarakhand Cm Pushkar Singh Dhami Honours International Bodybuilder Pratibha Thapliyal



**Dehradun:** Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami on Friday honoured international woman bodybuilder Pratibha Thapliyal for her remarkable achievements in the field of bodybuilding.

Dhami presented her with a shawl and a plant as a mark of honour. On this occasion, Dhami described Thapliyal's achievements as a matter of pride for the women of Uttarakhand and as a strong, inspiring step towards women's empowerment.

He said that her success would inspire daughters of the state, especially those living in remote mountainous regions, to move forward in sports and other fields. Women are now exploring career opportunities not only in sports but also across various other sectors, a sign of the state's bright future.

He also added that the land of Uttarakhand has traditionally been matriarchal, and women of the hills have been the backbone of agricultural, social, and cultural life. From time to time, women of Uttarakhand have guided the nation and the world in environmental conservation, social service, sports, and good governance. We are proud of our women's power.

He further stated that talented women in the state who are achieving remarkable success in various fields will also be given opportunities in government service so they can become sources of inspiration for society.

Thapliyal is among the women bodybuilders who have won medals at the Women's World Championship and the Asian Championship. Her achievement is a matter of pride not only for the state but for the entire country.

Dhami also said that the state government is committed to providing every possible encouragement and support to women athletes so that the daughters of Uttarakhand continue to achieve success at national and international platforms. —ANI

# Four Arrested In Haldwani Double Murder; Case Solved Within Six Hours

Swati



**Haldwani (The Hawk):** In a swift breakthrough, Nainital Police solved a sensational double murder case in the Mandi area of Haldwani within six hours of the crime, arresting four accused.Senior Superintendent of Police Manjunath T.C. visited the crime scene soon after receiving information and constituted a special team to expedite the investigation.Police said the control room received a call on the morning of February 12 reporting that a young man and woman were found dead in the Badi Mandi locality. Officers from Kotwali Haldwani, along with a dog squad and forensic experts, reached the spot immediately.Preliminary investigation revealed that the victims were bludgeoned to death with stones. The deceased were identified as Shubham Tamta, a resident of Almora, and Laxmi Pokhariya from Okhalkanda in Nainital. A case was registered following a complaint by the woman's family. Using CCTV footage, surveillance inputs and local intelligence, police tracked down and arrested the four accused Gaurav Negi alias Akku Thakur Saurabh Bhatt alias Bhatiya Deepu Sharma alias Dhruv Deepesh Latwal alias Raj During interrogation, the accused allegedly confessed that they were drinking together when a dispute broke out over harassment of the woman. When Shubham intervened, he was allegedly attacked and killed. The woman was then murdered to eliminate a witness. Police said the attackers crushed the victims' heads with stones in an attempt to conceal their identities.Investigators recovered the stone used in the crime, mobile phones and blood-stained clothes from the accused.Police officials stated that the prime accused, Gaurav Negi, has multiple criminal cases registered against him, while Deepesh Latwal also faces previous charges under various sections of the law. SSP Manjunath T.C. announced a cash reward of ?2,500 for the police team involved in cracking the case and said strict action would continue against those disturbing law and order.The rapid action by Nainital Police has drawn attention for its efficiency in delivering swift justice in a heinous crime.

# Intensive Food Safety Drive Launched In Nainital District Ahead Of Holi

Swati

**Ramnagar (The Hawk):** In view of the upcoming Holi festival, a special enforcement drive was carried out in Nainital district to ensure the availability of safe and quality food and beverages to the public and to curb food adulteration.The campaign was conducted on the directions of District Magistrate Lalit Mohan Rayal.

Under the leadership of Dr. Rajendra Singh Kathayat, Deputy Commissioner, Food Safety, Kumaon Division, surprise inspections were carried out at Halduwa Chowk post in Ramnagar with the support of police and administrative officials. Food supply vehicles arriving from Uttar Pradesh regions including Swar, Moradabad, Rampur, and Gajraula were thoroughly checked.

During the drive, more than 36 vehicles from outside areas were inspected.

These vehicles were found transporting milk and dairy products, food grains, namkeen, biscuits, and bakery items. On suspicion, a total of seven samples were collected for testing—three of milk, two of paneer, one of bread, one of namkeen, and one of rusk.

All samples have been sent to the State Food Testing Laboratory for analysis. If the products fail to meet prescribed standards, legal action will be initiated against the concerned traders under the Food Safety and Standards Act, 2006.In one case, approximately half a quintal of contaminated paneer being transported in unhygienic and open conditions in a Maruti van from the Swar–Moradabad region was found unfit as per food safety standards and was destroyed on the spot in the public interest.Additionally, three food business operators were issued notices for violations under the Act and directed to take corrective measures.

They have been warned of strict legal action if compliance is not ensured within the stipulated time.The administration has instructed all establishment owners and vendors not to sell suspicious food items. Strict action will be taken against those operating without registration or license, or found manufacturing, storing, or distributing food items in violation of prescribed standards. It has been made mandatory to mention the FSSAI license number on purchase invoices. Vendors have also been directed to procure goods only from registered and licensed suppliers from outside states and to maintain daily purchase and sales records.The public has been urged to check the manufacturing and expiry dates, as well as the seller's license, while purchasing food products. Complaints regarding substandard or unhygienic food items can be reported on the toll-free number 18001804246.The inspection drive was conducted in the presence of Assistant Commissioner Ajab Singh Rawat, Senior Food Safety Officer Aslam Khan, and other members of the Food Safety Department.


**NORTHERN RAILWAY**

**Tender Notice-12- Ansaldo, SNT-Sig-Datalogger,Earthing- Improvment Date.12.02.2026**

Sr. Divisional Signal and Telecom engineer/Moradabad for and on behalf of President of India invites Open tenders through E-Tendering system for the following works:-

| S. No. | Tender No. & Description of work | Approx. Cost Rs. | Earnest Money Rs. | Cost of Tender form Rs. | Last date and time for submission of tender and opening of tender. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **12R-Ansaldo-AMC-Sig-MB202** Comprehensive Annual Maintenance contract of EI of Ansaldo make for 3 (three) years over MB Division | 15473760.48 | 227400.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |
| 2 | **SNT-SIG-Datalogger-2024** Replacement of overaged (60 stations) Datalogger over MB Division | 63787726.03 | 468900.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |
| 3 | **SNT-Earthing-Improvement** S&T work i.c.w Improvement of earthing arrangements over MB division | 58528800.30 | 442700.00 | Nil | 12.03.2026 15:00 |

**Note :-** Complete details of tender can be seen at **www.ireps.gov.in.** **491/2026**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

**DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED**
**CIN: L33119UR1981PLC006092**
**R/o: Bhagwant Kuti Kankhal, Haridwar, UR-249408**
**Email Id: dral96@yahoo.in; Website: www.deshrakshak.in**

**EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER & NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

The Board of Directors of the Company, at meeting held on February 13, 2026 approved the Unaudited Financial Results of the company for the quarter and nine months ended December 31, 2025. The Results along with the Auditor's Limited Review Report posted on the company's website at https://www.deshrakshak.in/wp-content/uploads/2026/02/Q3-8.pdf and can be accessed by scanning the Quick Response (QR) Code given below.

**Date: 13.02.2026**
**Place: Haridwar**

**For Desh Rakshak Aushdhalaya Limited**

**Sd/-**
**Tosh Kumar Jain**
**Managing Director**
**(DIN: 01540363)**

**Note: The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

# पद्मश्री डा. वीकेएस संजय ने राज्यपाल को भेंट की सड़क सुरक्षा पर आधारित पुस्तक



**देहरादून।** उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को सड़क सुरक्षा पर आधारित पुस्तक 'भारत में सड़क दुर्घटनाएँ' लोक भवन देहरादून में भेंट की गई। यह पुस्तक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन प्रो. (डॉ.) बी. के. एस. संजय, अध्यक्ष, एम्स गुवाहाटी, और उनके पुत्र सह-लेखक डॉ. गौरव संजय द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है।

पुस्तक में भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता, उनके कारण, दुष्परिणाम और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई है। लेखक बताते हैं कि सड़क हादसे केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पीड़ितों और उनके परिवारों पर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा, ट्रॉमा केयर और चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी पुस्तक में प्रमुखता से उजागर किया गया है। पुस्तक में यातायात नियमों का कठोर पालन, सड़कों की संरचना में सुधार, ट्रॉमा केयर सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, और जन-जागरूकता अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। साथ ही, स्कूल स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने और नियंत्रित, गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग स्कूलों की संख्या बढ़ाने की अपील भी की गई है।

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) बी. के. एस. संजय ने सुझाव दिया कि देशभर के एम्स संस्थान सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका निभा सकते हैं, ताकि चिकित्सा विशेषज्ञता और जनसंपर्क क्षमता के माध्यम से सड़क सुरक्षा को एक सामाजिक आंदोलन बनाया जा सके। उनका मानना है कि इस कदम से सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मौतों में निश्चित रूप से कमी आएगी। माननीय राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ गंभीर सामाजिक चुनौती हैं, और ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नीतिगत सुधारों को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने पुस्तक को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में एक समयोचित और महत्वपूर्ण योगदान बताया।

## 13 और क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालयों की बदलेगी सूरत: डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून।** प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर के 13 और प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प किया जायेगा। जर्जर हो चुके इन विद्यालय भवनों का पुनर्निर्माण किया जायेगा, साथ ही कुछ विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्मित किये जायेंगे। जिसके लिये राज्य सरकार द्वारा 274 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। उक्त विद्यालयों में निर्माण व मरम्मत कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था भी नामित कर दी गई है। विद्यालयों में निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था के सुधार को लेकर खासी संजीदा है। खासकर प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर सरकार का विशेष ध्यान है, ताकि प्राथमिक स्तर पर प्रदेश के नौनिहालों को बेहतर शैक्षणिक महौल के साथ ही उच्चकोटि की शिक्षा मिल सके।

# भाजपा कार्यकर्ता और साधु संन्यासियों ने भारतीय संस्कृति और गौ-माता पर आधारित फ़िल्म गोदान को देखा

## भारत माता की जय, गौ माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पिक्चर हॉल गूंज उठा



**हरिद्वार (बद्री विशाल)।** पेंटागन मॉल रोशनाबाद हरिद्वार में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर रवींद्र पुरी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ हरिद्वार के विभाग प्रचारक राकेश कुमार और भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता और साधु संन्यासियों ने भारतीय संस्कृति और गौ माता पर आधारित फ़िल्म गोदान को देखा। इस दौरान भारत माता की जय, गौ माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पिक्चर हॉल गूंज उठा। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा ने कहा कि गोदान फिल्म हमारी संस्कृति और धर्म में श्रेष्ठ माने जाने वाली गाय माता के बारे में बनाई गई फिल्में है। जिसमें बताया गया है कि गाय का पालना और संवर्धन करना हर तरह से लाभकारी है। और हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। जिस घर में गौ माता का पालन पोषण होता है वहां से रोग दूर रहते हैं। और खुशहाली आती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस फिल्म में बताए गए विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं जिससे कि गौ माता का संवर्धन और गौ पालन बढ़ सके। उन्होंने फिल्म के निर्देशक और कलाकारों को इस प्रकार की फिल्म बनाने के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा इस फिल्म को कर से मुक्त किया गया है। जिससे कि आमजन इस फिल्म को देखकर लाभान्वित हो सके। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस फिल्म को कर मुक्त करने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। और हिंदू धर्म के लोगों ने समय-समय पर गाय की रक्षा के लिए बलिदान दिया है। आज आवश्यकता है कि गाय का संवर्धन और पालन पोषण बढ़ना चाहिए। उन्होंने गोदान फिल्म में दिखाए गए दृश्य को वास्तविकता से संबंधित बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक मां अपने बच्चों का पालन पोषण करती है इस तरह से गौ माता का दूध सभी प्राणियों का पालन पोषण करता है। उन्होंने कहा कि गौ माता पूजनीय है इस प्रकार की फिल्मों से आमजन को गाय माता और हिंदू धर्म के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार की फिल्मों से सनातन संस्कृति और धर्म का प्रचार और प्रसार होता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस प्रकार की फिल्म को देखने का आह्वान किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार के विभाग प्रचारक राकेश कुमार, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, जिला महामंत्री संजीव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, निपेंद्र चौधरी, सीमा चौहान, विशाल गर्ग, अभिनव चौहान, तेलुराम प्रधान, उज्वल पंडित, प्रीति गुप्ता, जसबीर बसेड़ा, रेशु चौहान, धर्मेंद्र चौहान अरविंद कुशवाहा, जसवीर बसेड़ा, उमेश पाठक, मनोज शर्मा, देवेन्द्र चौधरी, मनोज गौतम, रितु ठाकुर, देवेंद्र चौधरी, गुड्डी कश्यप, कैलाश भंडारी, सुशील पवार, संजीव कुमार, पंकज बागड़ी, प्रताप प्रधान, बिन्दर पाल, वासु पाराशर, सूबे सिंह, नागेंद्र राणा, मोनू त्यागी, अमित चौहान सहित सैकड़ो साधु सन्यासी उपस्थित रहे।

## ईएमए की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**देहरादून।** उत्तरांचल प्रेस क्लब में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, भारत (इएमए) देहरादून की नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारम्भ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के.पी.एस चौहान, राष्ट्रीय महासचिव डा. एन.एस. टाकुली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा. वी.एल. अलखानिया, प्रदेश अध्यक्ष डा. मुकेश चौहान, प्रदेश महामंत्री डा. एम. टी. अंसारी, प्रदेश संगठन मंत्री डा. एस. पी. डोभाल, उ. प्र. राज्य प्रभारी डा. सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डा. सी. पी. रतूडी को जिला अध्यक्ष, डा. एम. एस. कश्यप, डा. कैलाश बडथवाल को जिला उपाध्यक्ष, डा. आदर्श शर्मा को जिला महामंत्री, अब्दुल गफूर को जिला सचिव, डा. कमलेश खंडूडी को जनपद प्रभारी, डा. श्रृवण कुमार को जिला संगठन मत्रीं, डा. बिवस अधिकारी को जिला मंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. पी. एस. चौहान ने दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. चौहान ने कहा कि रोगी के लिए चिकित्सक एक भगवान का रुप होता है। चिकित्सक द्वारा रोगी को उपयुक्त समय देकर रोगी के साथ मधुर व्यवहार एवं संवाद कायम करना चाहिए।

# समाज के सभी वर्गों के हित में है यूजीसी कानून-विजयपाल सिंह



**हरिद्वार (बद्री विशाल)।** अखिल भारतीय ओबीसी वर्ग संयुक्त मंच के संयोजक विजयपाल सिंह ने यूजीसी कानून को समाज के सभी वर्गों के हित में बताया है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विजयपाल सिंह ने कहा कि विश्व विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रा का उत्पीड़न रोकने के लिए 1956 में पहली बार यूजीसी कानून लागू किया गया था। लेकिन तब इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। 2012 में उत्पीड़न के चलते रोहित वेमुला की आत्महत्या के बाद विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में उत्पीड़न की घटनाओं की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया और सिफारिशें लागू की गयी। लेकिन किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गयी। जिससे उत्पीड़न की घटनाएं लगातार सामने आती रही। जिनकी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने जांच और कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए यूजीसी कानून बनाया और 13 जनवरी 2026 को इसे लागू किया गया। विजयपाल सिंह ने कहा कि कुछ लोग कानून का अध्ययन किए बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सामाजिक न्याय की अवधारणा पर समावेशी कानून लागू किया है। कानून में रंग, भाषा, क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव करने पर भी कार्रवाई का प्रावधान किया गया। महिलाओं, दिव्यांगों, इडब्लयूएस को भी कानून का लाभ मिलेगा। विवि और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के उत्पीड़न पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि कानून के समर्थन में राष्टपति और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भी भेजा गया है। इस दौरान धर्मपाल ठेकेदार सुनील प्रजापति ने भी विचार रखे।

# अमन परमार और बालिका में सिमरन ने पहला स्थान किया प्राप्त

**चंबा (टिहरी)।** एचएनबी केंद्रीय गढ़वाल विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के शिक्षा विभाग की ओर से तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू हो हुई। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अमन परमार और बालिका में सिमरन ने पहला स्थान प्राप्त कर बाजी जीती।

एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के खेल में परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. केसी पेटवाल ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ रोजगार और नौकरी की संभावना को आगे बढ़ती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अनुशासन, लग्न और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने को कहा। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता गोदियाल ने बताया कि 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ बालक वर्ग में आशीष गौड़, शेखर सिंह तथा बालिका वर्ग में गीता और प्रेरणा नेगी ने क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त किया। बॉल थ्रो बालक वर्ग में शुभम उनियाल, सागर रावत, सचिन उनियाल और बालिका वर्ग में तमन्ना धनाई, गीता, साक्षी काला ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की टीम विजेता और बीएडी द्वितीय वर्ष उप विजेता रही। बालिका वर्ग में बीएड द्वितीय सेमेस्टर विजेता तथा चतुर्थ सेमेस्टर की टीम उप विजेता रही। वहीं इंडोर खेल प्रतियोगिता कैरम महिला वर्ग में निकिता विजेता, प्रेरणा नेगी उपविजेता रही। विजेताओं खिलाड़ियों और टीमों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. मनोज नौटियाल, डॉ. नीरज जोशी, डॉ. हेमराज, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अखिलेश गौतम, डॉ. देवम, डॉ. सुमन लता, गौरव तड़ियाल, आशुतोष मौजूद थे।

# सिविल जज अल्का ने विधिवत विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का किया उद्घाटन



**श्रीनगर (गढ़वाल)।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की जूनियर डिवीजन कह सिविल जज अल्का ने विधिवत विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसांई ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में स्थापित यह केन्द्र छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कहा कि केन्द्र समय-समय पर विधिक जागरूकता से सम्बिन्धित कार्यक्रमों का संचालन करता रहेगा। सिविल जज अलका ने साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों, साइबर कानूनों की जानकारी तथा डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड एवं सोशल मीडिया दुरुपयोग से सतर्क रहने का संदेश दिया साथ ही लोक अदालतों के महत्व के बारे में भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार ने विद्यार्थियों से डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में साइबर सेल से संपर्क करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रमेश चंद्र जोशी ने साइबर सेल के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी डॉ. अनु राही ने विद्यार्थियों को साइबर सेल के उद्देश्य, उपयोग एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क कानूनी मार्गदर्शन, शिकायत पंजीकरण तथा तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र, सुरक्षा अधिकारी हेम जोशी, एपीओ अपर्णा अवस्थी, अधिवक्ता अनूप पांथरी सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। इस केंद्र की प्राविधिक स्वयंसेवी प्रियंका रॉय, साइबर सेल की प्रतिनिधि दीपशिखा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, हैकिंग, डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी एवं ऑनलाइन उत्पीड़न के विषय में विस्तार से अवगत कराया। सीआईयू से मनोज कुमार ने तकनीकी एवं जांच संबंधी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## राज्य में बढ़ते अपराध पर कांग्रेस ने उठाई राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में आज सुबह सुबह साढ़े दस बजे के आस पास शहर की व्यस्त वीआईपी माने जाने वाली राजपुर रोड में सिल्वर सिटी माल के जिम से बाहर आते हुए एक युवा जिसकी पहचान उधमसिंह नगर के रेत बजरी व्यापारी विक्रम के रूप में हुई है की हथियार बंद लोगों द्वारा गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी गई। राजधानी देहरादून में हत्या की यह पिछले पंद्रह दिनों में पांचवीं वारदात है। हत्या की सूचना मिलने के कुछ देर बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत में धस्माना ने कहा कि लगातार घट रही अपराधिक घटनाओं हत्या लूट डकैती बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के कारण आज देहरादून देश का क्राइम कैपिटल बन गया हैं।उन्होंने कहा कि आज देहरादून समेत पूरे राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

# लक्सर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में विशाल भंडारा, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह ने की सराहना






**लक्सर (बद्री विशाल)।** आगामी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लक्सर ट्रक यूनियन द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में आस्था और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ट्रक यूनियन समिति ने शिव भक्तों के लिए भोजन, जलपान और विश्राम सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

भंडारे में खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह ने पहुंचकर ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस पुनीत सेवा कार्य के लिए सभी को बधाई दी और भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सेवा भावना को बल मिलता है।

इस अवसर पर लक्सर ट्रक यूनियन समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि यह भंडारा पिछले 33 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूनियन के सभी सदस्य तन-मन-धन से सेवा कार्य में जुटते हैं और शिव भक्तों की सेवा को अपना सौभाग्य मानते हैं। श्रद्धालुओं ने भी ट्रक यूनियन की व्यवस्थाओं और सेवा भावना की खुलकर सराहना की। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर आयोजित भंडारा लक्सर क्षेत्र में आस्था, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन गया है।

## गोष्ठी में 26 पुलिस कर्मियों को इंप्लाई ऑफ द मंथ घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया

**चंबा (टिहरी)।** पुलिस लाईन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कार्मिकों की समस्याएं सुनने के बाद त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गोष्ठी में 26 पुलिस कर्मियों को इंप्लाई ऑफ द मंथ घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

पुलिस लाइन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों से जिले में घटित अपराध, लंबित विवेचना, कानून व्यवस्था और जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा गया। उत्कृष्ट और निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले 26 पुलिस कार्मिकों को इंप्लाइ ऑफ द मंथ घोषित कर उन्हें नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में अधिकारी-कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना संबंधित डाटा ऑनलाइन अपलोड करने, घटनास्थल का विवरण, कारण विश्लेषण और रिर्पोटिंग की सही प्रक्रिया अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती बरतने, ड्रंकन ड्राइव और एमवी एक्ट के तहत चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। सभी पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में एएसपी दीपक सिंह, सीओ चंबा महेश लखेड़ा, सीओ नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह भंडारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीवा कुमार आदि मौजूद थे।

## आरोग्य आयुष्मान केंद्र का उद्घाटन

**घनसाली (टिहरी)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार में आमजन की सुविधा के लिए आरोग्य आयुष्मान केंद्र का उद्घाटन किया गया है। आयुष्मान केंद्र स्वास्थ्य उपचार और परामर्श के लिए स्थानीय लोगों के साथ ही बाहर से आने वालों के लिए लाभदायक साबित होगा। नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर चार में नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट और भिलंगना ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आरोग्य आयुष्मान केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह आयुष्मान केंद्र मरीजों के लिए बड़ा मददगार साबित होगा। दूर-दराज क्षेत्र के लोग भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान केंद्र खुलने से आम नागरिकों को छोटी बीमारी के उपचार के लिए दूर-दराज अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयुष्मान केंद्र क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**DESH RAKSHAK AUSHDHALAYA LIMITED**
**CIN: L33119UR1981PLC006092**
**R/o: Bhagwant Kuti Kankhal, Haridwar, UR- 249408**
**Email Id: dral96@yahoo.in; Website: www.deshrakshak.in**

**31/12/2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने हेतु एकल (स्टैंडअलोन) अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

कंपनी के निदेशक मंडल ने 13 फरवरी, 2026 को आयोजित बैठक में 31 दिसंबर, 2025 के समाप्त तिमाही और नौ महीने के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। लेखा परीक्षक की सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट https://www.deshrakshak.in/wp-content/uploads/2026/02/Q3-8.pdf पर पोस्ट किए गए हैं और नीचे दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके प्राप्त किया जा सकता है।

वास्ते देश रक्षक औषधालय लिमिटेड
Sd/-
तोष कुमार जैन
प्रबंध निदेशक
(DIN: 01540363)

दिनांक: 13.02.2026
स्थान: हरिद्वार

नोट: उपरोक्त सूचना, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 सहपठित विनियम 47(1) के अनुसार है।